**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.07.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री ने कहा केन्द्र देश के युवाओं को रोजगार और नौकरियां प्रदान करने के लिए एक लाख करोड़ रूपये खर्च करेगा।
- भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंट फ्रंट को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित करने पर अमरीका की प्रशंसा की।
- ग्रेट निकोबार में बंदरों के बढ़ते आतंक पर सांसद बिष्णु पद रे ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखा।
- कला संस्कृति और साम्प्रदायिक सदभाव को बढ़ावा देने के लिए पंजीकृत सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्‌घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। सावन के पवित्र महीने में बाबा सोमेश्वरनाथ के चरणों में शीश झुकाते हुए प्रधानमंत्री ने बिहार के सभी निवासियों के जीवन में सुख और समृद्धि की कामना की और आशीर्वाद लिया। श्री मोदी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह चम्पारण की भूमि है, एक ऐसी धरती जिसने इतिहास रचा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान, इसी भूमि ने महात्मा गांधी को नई दिशा दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र देश के युवाओं को रोज़गार और नौकरियां प्रदान करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये खर्च करेगा। इस अवसर पर प्रधान मंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की उपस्थिति में पहला स्वदेशी डिजाइन से निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल, आईएनएस निस्तार आज भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। यह पोत, हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित दो डाइविंग सपोर्ट वेसल में से पहला है। यह गहरे समुद्र में संतृप्ति डाइविंग और बचाव कार्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। ये क्षमता दुनिया भर में चुनिंदा नौसेनाओं के पास है। रक्षा राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में भारतीय नौसेना और स्वदेशी जहाज निर्माण उद्योग में स्वदेशी समाधानों और नवीन तकनीकों के माध्यम से युद्धपोतों में स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल निरंतर बढ़ाने के उनके निरंतर प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि आईएनएस निस्तार का जलावतरण इस क्षेत्र में 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता' और 'वरीय सुरक्षा भागीदार' के रूप में भारतीय नौसेना की भूमिका को और पुष्ट करता है। स्वदेशी जहाज निर्माण उद्योग सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान प्रमुख प्रयासों में से एक रहा है। वर्तमान में निर्माणाधीन सभी सतावन नए युद्धपोतों का निर्माण स्वदेशी स्तर पर किया जा रहा है।

<><><><><><><>

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए ज़िम्मेदार समूह, द रेजिस्टेंस फ्रंट को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के अमरीका के फ़ैसले की सराहना की है। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा का एक यह छद्म संगठन, जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य हमले सहित कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर ने अमरीका के विदेश विभाग और विदेश मंत्री मार्को रुबियो की प्रशंसा की है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के शिक्षकों के लिए अन्य हितधारकों के कार्मिकों के प्रशिक्षण के अंतर्गत जीवन गतिविधियों के प्रति जागरूकता एवं संवर्धन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। प्रशिक्षण कार्यशाला में दक्षिण अंडमान से कुल 27 शिक्षक भाग ले रहे हैं। कल इस कार्यक्रम का समापन होगा। समापन भाषण और प्रमाण पत्र प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह द्वारा वितरित किए जाएँगे।

<><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे ने ग्रेट निकोबार और जनजातीय क्षेत्रों के निवासियों के सामने बंदरों के बढ़ते आतंक पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया है। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से भी पर शीघ्र कार्रवाई करने की बात कही है।

<><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए मुख्यभूमि संस्थानों में द्वीप समूह के छात्रों के लिए आरक्षित विभिन्न व्यावसायिक, गैर–व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों के जिन छात्रों ने आवेदन किया है, उन्हें सूचित किया जाता है कि छह पाठ्यक्रमों को छोड़कर कोई दावा और आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए पात्र अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 28 जुलाई को सुबह 10.00 बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय (टीजीसीई), श्री विजयपुरम के सभागार में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, अंडमान और निकोबार प्रशासन, वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता जारी करने के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित पंजीकृत सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित करता है। यह सहायता "स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों को अनुदान सहायता के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह नियम" 2018 के नियमों के अनुसार प्रदान की जाएगी। प्रत्येक पात्र संगठन को पच्चीस हजार की अनुदान सहायता प्रदान की जाएगी। सांस्कृतिक संगठनों को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पंजीकृत कार्यालय होना चाहिए। कला और संस्कृति, राष्ट्रीय एकीकरण और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। इन क्षेत्रों में कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए परिचालन करना चाहिए। इच्छुक संगठनों को निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन जमा करना होगा। आवेदन कला एवं संस्कृति निदेशालय या वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त है।

<><><><><><>

सभी पीडीएस लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मौजूदा ई पी डी एस एप्लिकेशन को स्मार्ट पीडीएस 2.0 में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में है। नए एप्लिकेशन में डेटा का सुचारू और निर्बाध संक्रमण सुनिश्चित करने के लिए कल से 24 जुलाई तक सभी राशन कार्ड संबंधी सेवाएँ अनुपलब्ध रहेंगी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिका के पद हेतु आवेदन करने वाले पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की सूची बाल विकास परियोजना अधिकारी, अट्टम पहाड़, पोर्ट ब्लेयर के कार्यालय में प्रदर्शित कर दी गई है। विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों के दोनों पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार बाल विकास परियोजना अधिकारी (यूपी), अट्टमपहाड़, पोर्ट ब्लेयर में 29 और 30 को सम्पन्न होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में जिला बास्केट बॉल चैम्पियनशिप और चयन ट्रायल बास्केट बॉल एसोसिएशन और राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से अगले की महीने चार और पाँच अगस्त को श्री विजय पुरम में राज्य टीम के लिए जिला बास्केट बॉल चैम्पियनशिप सह चयन ट्रायल (अंडर–18) आयोजित करने का प्रस्ताव है। सभी इच्छुक खिलाड़ियों और टीमों को सलाह दी जाती है कि वे 21 जुलाई से 2 अगस्त के बीच राज्य ओलंपिक संघ, नेताजी स्टेडियम में रजिस्टर्ड कराएं।

<><><><><><>

सिप्पीघाट जंक्शन क्षेत्र के पास कट प्वाइंट ए बी एस रखरखाव कार्य के कारण कल बिजली आपूर्ति निलंबित रहेगी। कल सुबह आठ से ग्यारह बजे तक टाइगर फीडर और आउटर फीडर के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><>